अगर आपको अंग्रेज़ी भाषा में कठिनाई होती है, तो कृपया कर्मचारियों से कहें कि वे एक दुभाषिया बुक कर दें। घर से, **निःशुल्क** दुभाषिया सेवाओं को **03 9605 3056** पर फ़ोन करें। कर्मचारियों से पूछें कि क्या यह जानकारी आपकी मनपसंद भाषा में उपलब्ध है।

## सहायता कैसे प्राप्त करें:

- कार्य घंटों (बिज़नस आवर्स) के दौरान हमें **(03) 9870 7330** पर फ़ोन करें या **ecasa@easternhealth.org.au** पर ईमेल करें
- आपको अपने सामान्य चिकित्सक (जीपी) से रैफरल लेने या Medicare कार्ड की आवश्यकता नहीं है।
- हम प्रोफेशनल्स द्वारा दिए गए रैफरल्स को स्वीकार करते हैं जो आपकी सहमति से दिए गए हों
- हम रैफर करने वाले प्रोफेशनल्स के साथ अतिरिक्त कंसल्टेशन्स और/या चर्चा का स्वागत करते हैं

### अन्य महत्वपूर्ण फ़ोन नंबर:

- यौन उत्पीड़न के बारे में सहायता पाने के लिए कार्य घंटों से बाहर के समय संपर्क के लिए विक्टोरियाई यौन उत्पीड़न संकट लाइन को **1800 806 292** पर फ़ोन करें।
- यौन अपराध तथा बाल दुर्व्यवहार छानबीन दल (पुलिस), नौक्स (Knox) एसओसीआईटी को **(03) 8335 6701** पर या बॉक्स हिल एसओसीआईटी को **(03) 8892 3292** पर फ़ोन करें।
- पारिवारिक हिंसा सहायता के लिए सेफ स्टेप्स को **1800 015 188** पर या ईडीवीओएस को **(03) 9259 4200** पर फ़ोन करें।

अगर आप और अधिक जानकारी पाना चाहते हैं तो कृपया ईसीएएसए (ECASA) से सीधे संपर्क करें या ईस्टर्न हैल्थ की वेबसाइट **www.easternhealth.org.au** पर जाएँ।

**पूर्णतया तंबाकू-मुक्त स्थल**

## यौन उत्पीड़न के विरुद्ध ईस्टर्न केन्द्र


कांउसलिंग लाइन: (03) 9870 7330
संचालन (एडमिन) लाइन: (03) 9870 7310
फैक्स: (03) 9879 8306
ईमेल: ecasa@easternhealth.org.au

**डाक पता:**

PO Box 135, Ringwood East, Victoria 3135



ईस्टर्न हैल्थ (Eastern Health)
5 Arnold Street, Box Hill, Victoria 3128
टेलिफ़ोन: 1300 342 255
www.easternhealth.org.au



© Eastern Health 2022


यदि आपके पास इस बारे में कोई फीडबैक या सुझाव है कि इस सूचना पत्र को कैसे और भी बेहतर बनाया जा सकता है, तो कृपया निम्नांकित पर हमसे संपर्क करें:
**brochure.request@easternhealth.org.au**

**Eastern Health**
**www.easternhealth.org.au**

Eastern Health

# ECASA

## यौन उत्पीड़न के विरुद्ध ईस्टर्न केन्द्र

उपभोक्ता कंसल्टेशन

यौन उत्पीड़न से प्रभावित हुए लोगों के लिए रिकवरी, राहत और सशक्तिकरण को, एक सुरक्षित, गोपनीय और पहुँच योग्य स्थान प्रदान करके प्रोत्साहन देते हैं।

# ईसीएएसए के बारे में:

ईसीएएसए, हाल ही में या पूर्व में यौन उत्पीड़न झेल चुके किसी भी व्यक्ति के लिए एक **नि:शुल्क** और **गोपनीय** विशेषज्ञ यौन उत्पीड़न सहायता सेवा है। हम प्रताड़ित नहीं करने वाले परिवार के सदस्यों को और अन्य प्रमुख लोगों को सहायता भी सहायता प्रदान करते हैं।

हमारी सेवाएँ मैलबर्न के पूर्वी महानगरीय क्षेत्र में रहने वाले, कार्य करने वाले, पढ़ने वाले सभी लोगों के लिए उपलब्ध है। हम रिंगवुड ईस्ट में स्थित हैं और मैलबर्न के संपूर्ण आंतरिक और बाहरी पूर्वी हिस्से में सभी जगहों पर हमारी आउटपोस्ट्स हैं।

## हमारी सेवाओं में शामिल हैं:

- हाल ही के (रीसेंट) यौन उत्पीड़न के बाद 24/7 संकटअवस्था देखभाल प्रत्युत्तर (रिस्पोंस) जिसमें पुलिस/फोरेंसिक सेवाओं द्वारा विजिट भी शामिल होती है
- थोड़े दिन या बहुत सारे दिनों तक काउंसलिंग तथा पक्ष-समर्थन (एडवोकसी)
- 12-25 साल तक के उन नवयुवाओं तक पहुँच, जो बेघर हैं या जिनके बेघर होने का ख़तरा है (आईएचएसएचवाय कार्यक्रम)
- टेलिफ़ोन पर काउँसलिंग तथा सहायता
- थेरप्यूटिक ग्रुप्स
- क़ानूनी तथा चिकित्सीय समस्याओं के लिए जानकारी तथा रेफरल
- सामुदायिक शिक्षण
- प्राथमिक और अतिरिक्त कंस्लटेशन
- प्रोफेशनल प्रशिक्षण
- बचाव कार्यक्रम

# यौन उत्पीड़न क्या होता है?

कामुक प्रकृति वाला **कोई भी** ऐसा व्यवहार यौन उत्पीड़न होता है जिससे कोई भी व्यक्ति असहज, भयभीत, डराया-धमकाया गया, या ख़तरे में महसूस करता हो।

यह एक ऐसा यौन व्यवहार होता है जिसे करने के लिए किसी व्यक्ति ने अपनी इच्छा से सहमति नहीं दी थी। यह कोई एक घटना हो सकती है, या कई वर्षों के दौरान घटित हुई घटनाएँ हो सकती है।

यौन उत्पीड़न एक अपराध है। और अपराध करने वाला व्यक्ति, परिवार का कोई सदस्य, जीवनसाथी, मित्र, भरोसेमंद प्रोफेशनल या कोई अजनबी हो सकता है।

लोग-बाग
यौन उत्पीड़न के
असर से **उबर सकते हैं और उबरते हैं**

# ईसीएएसए यह स्वीकार करता है कि:

- यौन उत्पीड़न मूलभूत मानव अधिकारों का उल्लंघन है और यह व्यक्ति तथा समाज के विरुद्ध एक अपराध है
- यौन उत्पीड़न, विश्व भर में, सभी समुदायों में होता है और यह किसी के भी साथ हो सकता है
- यौन उत्पीड़न अधिकारों का दुरुपयोग होता है जो पीड़ित व्यक्तियों/झेल चुके लोगों (सर्वाइवरों) को सामाजिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक, मेडिकल तथा क़ानूनी रूप से प्रभावित करता है
- यौन उत्पीड़न के पीड़ित व्यक्तियों/झेल चुके व्यक्तियों (सर्वाइवरों) का यह अधिकार है कि उनकी बात सुनी जाए और उनके साथ गरिमा-युक्त, सम्मानजनक और संवेदनशील बर्ताव किया जाए
- यौन उत्पीड़न के पीड़ित व्यक्ति/लोग झेल चुके व्यक्ति (सर्वाइवर) कभी भी यौन उत्पीड़न के लिए ज़िम्मेदार नहीं होते हैं

आपके लिए यौन उत्पीड़न के बारे में अपनी भावनाओं और आपके जीवन पर इसके असर के बारे में चिंतन करने के लिए ईसीएएसए, एक सुरक्षित स्थान है।

हमारे सभी काउंसलर्स/पक्ष-समर्थक (एडवोकेट्स) सदमा (ट्रोमा) संबंधी काउंसलिंग में योग्यता प्राप्त और अनुभवी हैं

यौन उत्पीड़न/दुर्व्यवहार कितने समय पहले हुआ था इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके बारे में कभी भी बात की जा सकती है।